दावोस शिखर सम्मेलन : यूपी सरकार और हीरो ग्रुप के बीच 4000 करोड़ का निवेश करार

राब्यू, लखनऊ : हीरो ग्रुप आफ कंपनीज के हीरो फ्यूचर एनर्जीज (एचएफई) ने उप्र में हरित ऊर्जा एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकी परियोजनाओं की स्थापना के लिए चार हजार करोड़ रुपये के निवेश समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। दावोस (स्विट्जरलैंड) शिखर सम्मेलन में प्रदेश सरकार की ओर से अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और हीरो फ्यूचर एनर्जीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राहुल मुंजाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। हीरो फ्यूचर एनर्जीज की भारत और यूरोप में पवन ऊर्जा व सौर ऊर्जा उत्पादन की तीन गीगावाट की इकाइयां संचालित हैं। साथ ही भारत, वियतनाम, बांग्लादेश तथा यूनाइटेड किंगडम में दो गीगावाट की अन्य परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में गए प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने दावोस शिखर सम्मेलन में एचसीएल टेक्नोलाजीज, यूनिलीवर, नेस्ले, माइक्रोसाफ्ट के उच्चाधिकारियों से भी मुलाकात की। इस दौरान एचसीएल टेक्नोलाजीज के चीफ प्रोडक्ट आफिसर कल्याण कुमार ने लखनऊ में अपनी कंपनी के उत्पादन क्षेत्र में विस्तार पर चर्चा की। प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने माइक्रोसाफ्ट के प्रबंध निदेशक (इंडस्ट्री रिसर्च) रणवीर चंद्रा से मुलाकात के क्रम में उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा की। मनोज कुमार सिंह की नेस्ले ग्लोबल के अध्यक्ष पाल बुल्के के साथ भी निवेश संभावनाओं पर चर्चा की। नेस्ले की योजना उप्र में एक प्लांट स्थापित करने की है। प्रतिनिधिमंडल ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य में किसानों के साथ नेस्ले के साझा सहयोग की संभावनाएं तलाशीं।